भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1641

29 जुलाई, 2026 के लिए प्रश्न

डिजिटल राशन कार्ड

1641. श्रीमती माला राय:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में डिजिटल राशन कार्ड की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में 'एक देश, एक राशन कार्ड' (ओएनओआरसी) शुरू करने के लिए कोई समय-सीमा नियत की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत, लगभग **20.5** करोड़ परिवारों के राशन कार्ड/लाभार्थी डाटाबेस को सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 100% डिजिटल किया गया है।

(ख) एवं (ग): एक राष्ट्र एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) प्रणाली सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पहले ही लागू कर दी गई है, जिससे पीएमजीकेएवाई लाभार्थियों को आधार आधारित बायोमेट्रिक या ओटीपी प्रमाणीकरण के माध्यम से अपने मौजूदा राशन कार्ड का उपयोग करके देश की किसी भी उचित दर दुकान से अपने पात्र खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। इसकी शुरुआत के बाद से, प्रवासी लाभार्थियों को लाभ पहुँचाते हुए **221** करोड़ से अधिक पोर्टेबिलिटी लेनदेन दर्ज किए गए हैं। ओएनओआरसी पोर्टेबिलिटी लेनदेन का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

******

अनुबंध

लोकसभा में दिनांक 29.07.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1641 के उत्तर के भाग (ख) और (ग) में उल्लिखित अनुबंध।

ओएनओआरसी पोर्टेबिलिटी लेनदेन का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	ओएनओआरसी लेनदेन
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	95,347
2	आंध्र प्रदेश	20,68,74,599
3	अरुणाचल प्रदेश	1,551
4	असम	27,04,537
5	बिहार	71,03,14,164
6	चंडीगढ़	1,643
7	छत्तीसगढ़	92,06,684
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	8,19,686
9	दिल्ली	7,16,42,680
10	गोवा	2,40,767
11	गुजरात	1,17,05,331
12	हरियाणा	12,12,87,664
13	हिमाचल प्रदेश	5,52,947
14	जम्मू और कश्मीर	43,15,304
15	झारखंड	1,38,92,179
16	कर्नाटक	10,15,71,027
17	केरल	10,55,06,318
18	लद्दाख	17,564
19	लक्षद्वीप	66,757
20	मध्य प्रदेश	9,07,70,057
21	महाराष्ट्र	10,09,19,878
22	मणिपुर	1,527
23	मेघालय	987
24	मिजोरम	87,597
25	नागालैंड	1,45,442
26	ओडिशा	37,20,475
27	पुदुचेरी	1,388
28	पंजाब	4,73,83,558
29	राजस्थान	20,97,46,342
30	सिक्किम	62,208
31	तमिलनाडु	2,34,17,294
32	तेलंगाना	15,68,56,611
33	त्रिपुरा	24,82,763
34	उत्तर प्रदेश	19,43,81,341
35	उत्तराखंड	62,40,674
36	पश्चिम बंगाल	1,93,43,231
कुल		**221,63,78,122**

******